धनौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नवजात की मौत

सिवनी /धनोरा नवभारत। धनोरा विकासखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक बार फिर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विवादों के केंद्र में है। प्रसव के दौरान एक नवजात शिशु की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर उपचार में लापरवाही और समय पर उचित निर्णय नहीं लेने के आरोप लगाए हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारी तय करने की मांग तेज हो गई है।

मप्र शासन ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार संसाधन उपलब्ध करा रहा है, लेकिन स्थानीय नागरिकों का कहना है कि धनोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से व्यवस्थागत कमियां बनी हुई हैं। उनका आरोप है कि कई बार शिकायतों के बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है।

उपचार व्यवस्था पर गंभीर आरोप ; निष्पक्ष जांच की मांग

प्रसव के लिए अस्पताल पहुंचे, नहीं बच सका नवजात

जानकारी के अनुसार ग्राम कोंडरा निवासी चमन सिंह इनवाती अपनी गर्भवती पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनोरा लेकर पहुंचे थे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बाद ड्यूटी पर मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों ने तत्काल आवश्यक निर्णय लेने के बजाय उन्हें बार-बार कुछ समय और प्रतीक्षा करने के लिए कहा।

परिजनों का कहना है कि यदि स्थिति का समय रहते आकलन कर मरीज को उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया जाता या आवश्यक चिकित्सकीय हस्तक्षेप किया जाता, तो संभवत: नवजात की जान बचाई जा सकती थी। उनका आरोप है कि इसी विलंब के

कारण प्रसव के दौरान नवजात की मृत्यु हो गई। ग्रामीणों का मानना है कि यदि जांच में किसी स्तर पर चूक सामने आती है तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए। उनका कहना है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं की भी व्यापक समीक्षा आवश्यक है। फिलहाल मामले में परिजनों के आरोप और अस्पताल प्रबंधन के स्पष्टीकरण सामने आए हैं। अब यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि नवजात की मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई और क्या उपचार प्रक्रिया में किसी प्रकार की प्रशासनिक या चिकित्सकीय चूक हुई थी।

अस्पताल प्रभारी ने आरोपों से किया इनकार

वहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनोरा के प्रभारी डॉ. आर. जे. प्रसाद ने परिजनों के आरोपों को स्वीकार नहीं किया। उनका कहना है कि प्रसव के दौरान महिला पर्याप्त प्रयास नहीं कर पाई, जिसके कारण बच्चा मृत पैदा हुआ। उन्होंने संकेत दिया कि घटना चिकित्सकीय परिस्थितियों का परिणाम थी, न कि अस्पताल की लापरवाही का।

निष्पक्ष जांच की उठी मांग

घटना के बाद क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर व्यापक चर्चा शुरू हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूरे मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही या निर्णय लेने में देरी हुई थी या नहीं।

मां की आंखों के सामने नाले में बहा 4 साल का ऋषि

सिवनी नवभारत। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत जिला मुख्यालय से लगभग 3 किलोमीटर दूर नागपुर रोड स्थित हरिदर्शन नगर के पास छोटी पुलिया क्षेत्र में मंगलवार को दर्दनाक हादसा हो गया। तेज बारिश के कारण उफनाए नाले के बहाव में 4 वर्षीय मासूम ऋषि यादव, पिता लोकेश यादव, बह गया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक तेज बहाव में मासूम के बहने पर उसकी मां सुनीता यादव बेटे को बचाने के लिए नाले में कूद गईं। स्थानीय लोगों ने मां को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन तेज बहाव के कारण मासूम ऋषि दूर तक बह गया।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम पूर्ति तिवारी, तहसीलदार राधिका पाठक, कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी, होमगार्ड तथा

एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। संयुक्त रेस्क्यू अभियान चलाकर लगभग 500 मीटर दूर से मासूम का शव बरामद किया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इधर, लगातार हो रही बारिश को देखते हुए जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि नदी, नाले, पुल-पुलिया और रपटों पर पानी होने की स्थिति में उन्हें पार करने का प्रयास न करें तथा सुरक्षा संबंधी सभी सावधानियों का पालन करें।

एक नजर में

भारी बारिश के बावजूद नागरिकों का लोकतांत्रिक मार्च सफलतापूर्वक संपन्न

सिवनी। विभिन्न व्यवसायों से जुड़े नागरिकों, शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों, विद्यार्थियों, अधिवक्ताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आज दिनांक 22 जुलाई 2026 (बुधवार) को भारी बारिश के बावजूद लोकतांत्रिक मूल्यों और नीट पेपर लीक मुद्दे पर जंतर मंतर पर चल रहे प्रदर्श के समर्थन मे एक विशाल रैली एवं शांतिपूर्ण नागरिक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत 11:30 बजे होनी थी परंतु बारिश की वजह से इसे 12.30 बजे नगरपालिका चौराहा से हुआ। रैली शुक्रवारी चौक, मिशन स्कूल एवं रानी दुर्गावती चौक से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची, जहां शांतिपूर्वक नारों के साथ इसका समापन किया गया। लगातार हो रही तेज बारिश के बावजूद नागरिकों का उत्साह कम नहीं हुआ और 100 से अधिक नागरिकों जिसमे महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने पूरे जोश और अनुशासन के साथ मार्च में भाग लेकर लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने सरकार का ध्यान विभिन्न राष्ट्रीय एवं शैक्षणिक मुद्दों की ओर आकर्षित करते हुए वहाँ उपस्थित उम्र मे सबसे छोटे साथियों ऋद्धिम मिश्र और ओमीशा मिश्र द्वारा अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।

क्लबफुट शिविर में बच्चों का उपचार, विशेष जूते भी वितरित

सिवनी। कलेक्टर नेहा मीना के मार्गदर्शन में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय में बुधवार को क्लबफुट उपचार शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन-सह-अस्पताल अधीक्षक के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. जयंत कोठाले द्वारा क्लबफुट से प्रभावित बच्चों का पॉन्सिटी विधि से उपचार किया गया। शिविर के दौरान तीन बच्चों का सफलतापूर्वक उपचार किया गया तथा तीन बच्चों को उपचार के अगले चरण के लिए विशेष जूते नि:शुल्क वितरित किए गए।

मूसलाधार बारिश के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त

इस बारिश ने किसानों के चेहरे पर लाई खुशी

सिवनी नवभारत। बिगत 24 घंटे से लगातार चल रही बारिश के चलते आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लगभग आठ दिनों बाद हुई मूसलाधार बारिश के कारण भले ही आम आदमी को दिक्कत आ रही हो ,लेकिन कृषि से जुड़े हुए किसानों के चेहरे खिल गए हैं क्योंकि वर्तमान में सभी किसानों के खेतों में धान एवं मक्का कीबोबनी का कार्य कर चुके है और फसलों की ग्रोथ के लिए पानी की आवश्यकता महसूस की जा रही थी वहीं दूसरी ओर पानी ना गिरने के कारण लगातार उमस बढ़ रही थी जिससे लोग परेशान थे लेकिन लगातार मूसलाधार बारिश के कारण अब तापमान में भी गिरावट आई है और किसानों को भी राहत मिली है हां यह बात जरूर है कि इस बारिश के कारण जिला मुख्यालय के बाजार एवं शासकीय कार्यालय में होने वाले कार्य बंद रहे लोगों का ग्रामीण अंचलों से शहर आना ना के बराबर हुआ नियमित चलने वाली बसें भी गिने-चुने मार्ग पर ही चली इतना ही नहीं इन दोनों सार्वजनिक रूप से कोई कार्यक्रम न होने के कारण लोगों ने घर पर ही आज का दिन बिताया। ऐसा माना जा रहा है कि इस वर्ष में यह 24 घंटे की लगातार मूसलाधार बारिश पहली बार हुई है और इससे काफी हद तक किसानों को एवं आमजन को राहत मिलेगी लगातार आसपास की नदियां एवं बांध जो लंबे समय से गर्मी के कारण सूख गए थे उनमें भी तूफान देखा गया।

इस्कॉन संस्थान द्वारा निकाली गई भगवान जगन्नाथ की यात्रा

सिवनी नवभारत। जगन्नाथ का भात, जगत पसारे हाथ,, भगवान जगन्नाथ के प्रति लोगों किया अटूट श्रध्दा है। प्रतिवर्ष जगन्नाथ की शोभायात्रा पुरी में उत्साह के साथ निकल जाती है जो लोग वहां नहीं पहुंच पाए वह उसे टीवी में देखकर ही संतुष्ट हो जाते थे लेकिन अब प्रदेश के हर जिलों में जय परंपरा

प्रारंभ हो गई है और लोक यह यात्रा निकालकर उन्हें स्मरण करते हैं। इस्कॉन संस्थान द्वारा नगर में आज भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए छिंदवाड़ा चौक से यह यात्रा प्रारंभ की गई जो नगर के अनेक मार्ग से होते हुए अपने गंतव्य के लिए पहुंची इस दौरान लोगों ने उत्साह के साथ भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर स्मरण किया इस दौरान पूजन आरती का कार्यक्रम निरंतर चलता रहा।।

कौशल बस पलटने से बाल बाल बची, बड़ा हादसा टला

उगली नवभारत। विगत दिवस सुबह केवलारी से होकर उगली मार्ग से बालाघाट के लिए जाने वाली कौशल बस पुलिस थाना उगली के अंतर्गत निकट ग्राम ढुटेरा के नजदीक सड़क के किनारे अनियंत्रित होकर पलटते पलटते बच गई , इस दुर्घटना में किसी प्रकार के कोई हताहत होने की जानकारी नहीं मिली।

सभी यात्री सुरक्षित रहे यात्रियों में विशेष शिक्षक जो उगली से पांडिया छपारा, सरेखा की ओर जाते हैं, वे सवार थे, जिनके द्वारा अपने परिजनों को सूचना दी जाकर समय पर यात्रियों को सुरक्षित अपनी गंतव्य की ओर पहुंचाया गया। भारी बारिश के

चलते सड़क के किनारे मार्ग क्षतिग्रस्त हैं, इसका सबसे गंभीर कारण यह है, कि बागडोंगरी और नसीपुर रेत खदान से हैवी लोडेड ट्रक डंपरों से रेत के परिवहन होने की वजह से यह मार्ग जगह जगह पर कमजोर हो चुका है,इस मार्ग पर यह घटनाएं आम नहीं खास है,सामान्य तौर पर पटरी के नीचे वाहनों को उतारने पर चौपाया वाहन अक्सर दुर्घटनाग्रस्त होते हैं, अभी 15 दिवस पूर्व सरेखा हायर सेकेंडरी के नजदीक भी एक भारी भरकम ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे उतर गया था। करोड़ों की राशी से नल जल प्रदाय योजना के अंतर्गत उगली उप तहसील के निकट नल जलप्रदाय परियोजना का कार्य भी विगत एक दशक से कार्य चल रहा है, जिसकी वजह से भी सड़क के किनारे नाली निर्माण और पाइप के लिए भी जो मार्ग बनाया गया है, वह भी दुर्घटनाओं को आमंत्रित करता है, इसके अलावा ऑप्टिकल फाइबर, और अन्य दूरसंचार के केबल जो भूमिगत दबे रहते हैं, वह भी पटरी के किनारे दुर्घटनाओं को आमंत्रित करते हैं, इन तस्वीरों से प्रशासन को सबक लेना चाहिए और इस मार्ग पर भारी भरकम ओवरलोडेड वाहनों की आवाजाही पर रोक लगनी चाहिए.

पीजी कॉलेज में बारिश के बीच गरजा युवा कांग्रेस का छात्रों की गूंज कार्यक्रम

सिवनी नवभारत। आज जिला युवा कांग्रेस के तत्वाधान में छात्रों के अधिकारों और संवाद के लिए गूंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीजी कॉलेज प्रशासन द्वारा अंतिम समय में ऑडिटोरियम की अनुमति रद्द कर दिए जाने के बावजूद छात्रों और युवा नेताओं का उत्साह कम नहीं हुआ। भारी बारिश और प्रतिकूल मौसम के बीच भी छात्र कॉलेज परिसर में डटे रहे और खुले आसमान के नीचे भीगते हुए अपना संवाद कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया। ार्यक्रम के दौरान हाल ही में नीट परीक्षा से जुड़े विवादों और मानसिक तनाव के कारण आत्महत्या करने वाले बेकसूर विद्यार्थियों की याद में 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

संवाद कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी छात्र-छात्राएं एकजुट होकर अपनी मांगों के संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने कलेक्ट्रेट पहुंचे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप आदित्य भूरा (अध्यक्ष, जिला युवा कांग्रेस), सागर सिंह बरकाम (जिला उपाध्यक्ष, युवा कांग्रेस), नितिन डेहरिया (सिवनी

विधानसभा अध्यक्ष), कुलदीप काकोडिया (बरघाट विधानसभा अध्यक्ष), दुर्गेश नाथ (लखनादौन विधानसभा अध्यक्ष), धनंजय सिंह (जिला अध्यक्ष, एनएसयूआई), प्रखर शर्मा (सिवनी युवा कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष), अभिषेक बबलू डेहरिया (जिला महासचिव) अन्य उपस्थित सदस्यों में शिफ कुरेशी, कुलदीप जायसवाल, मनोज सिंह बघेल, शरद बैसले, इंद्र कुमार सेन, संदीप यादव, अभिमन्यु काकोड़िया, नमिता काकोड़िया, शिवराम उईके, ऋषभ सिंह बघेल, संदीप बट्टी, पूजा नाविक आदि युवा कांग्रेसी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कान्हीवाड़ा पुलिस के संरक्षण में गांव-गांव बिक रही अवैध शराब

कान्हीवाड़ा नवभारत। कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत इन दिनों अवैध शराब का कारोबार अपने चरम पर है। पुलिस और आबकारी विभाग की रहस्यमयी चुप्पी और अनदेखी के चलते शराब ठेकेदारों के साथ-साथ देशी कच्ची शराब बेचने वालों के हौसले पूरी तरह बुलंद हैं। हालत यह हो चुकी है कि गांव-गांव में बेखौफ होकर अवैध शराब बेची जा रही है, जिससे क्षेत्र का सामाजिक माहौल पूरी तरह खराब हो चुका है। अवैध शराब बिक्री केंद्रों और अड्डों पर सुबह से ही असामाजिक तत्वों और शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में छात्राएं स्कूल पढ़ने जाती हैं। शराबियों की मौजूदगी और उनकी हरकतों के कारण स्कूली छात्राओं में भारी डर का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि छात्राएं भय के साए में स्कूल आने-जाने को मजबूर हैं।

क्षेत्र में लगातार फल-फूल रहे इस अवैध धंधे ने पुलिस और आबकारी विभाग की साख पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी आंखें क्यों मूंदे बैठे हैं? क्या आबकारी विभाग को गांव-गांव चल रहे इन ठिकानों की जानकारी नहीं है क्या पुलिस

प्रशासन कागजी खानापूर्ति तक सीमित रह गया है? ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र में चल रहे सभी अवैध शराब ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की जाए और छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

गांव-गांव फैले अवैध शराब के ठिकाने

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम ड्यूटी में अकेले 6 ठिकानों पर धड़ल्ले से अवैध शराब बेची जा रही है। इसके अलावा ग्राम जामुनटोला अमकोला सूखतारा भोमा स्थित ढाबों में सरिया शराब पड़ोसी जा रही है कान्हीवाड़ा के नवोदय नगर भाटेकरी पिपरिया इन सभी ग्रामीण इलाकों में अवैध शराब के अड्डों की भरमार है। ग्रामीणों का आरोप है कि कान्हीवाड़ा पुलिस के कथित संरक्षण के बिना इतने बड़े पैमाने पर अवैध कारोबार चलना मुमकिन नहीं है।

मानवता की मिसाल : परिवार नहीं था, तो बस स्टैंड बना अपना परिवार

छपारा नवभारत। इंसानियत और सामाजिक संवेदनशीलता की ऐसी मिसाल कम ही देखने को मिलती है, जब पूरा नगर किसी बेसहारा व्यक्ति का परिवार बन जाए। सिवनी जिला के छपारा नगर के बस स्टैंड पर 22 जुलाई दोपहर ऐसा ही भावुक दृश्य उस समय देखने को मिला, जब वर्षों से बस स्टैंड परिसर में हमाली कर अपना जीवनयापन करने वाले और यात्रियों को बसों के लिए आवाज़ लगाने वाले कचरु यादव (पिता पंचम यादव) के निधन के बाद बस स्टैंड के व्यवसायियों, हमालों और स्थानीय युवाओं ने उनके अंतिम संस्कार की पूरी

कचरु चाचा को नगरवासियों ने पूरे सम्मान और रीति-रिवाजों के साथ दी अंतिम विदाई

जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाई।

करीब 50 वर्षीय कचरु यादव, जिन्हें नगरवासी स्नेहपूर्वक कचरु चाचा के नाम से जानते थे, का उपचार के दौरान सिवनी जिला चिकित्सालय में निधन हो गया। जीवनभर बस स्टैंड को ही अपना घर मानने वाले कचरु चाचा के निधन की खबर मिलते ही पूरे बस स्टैंड परिसर में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का तत्काल कोई सहारा नहीं होने पर बस स्टैंड के व्यापारियों, हमालों और युवाओं ने

बिना किसी भेदभाव के आगे बढ़कर अंतिम संस्कार की सभी व्यवस्थाएं संभालीं। बुधवार शाम लगभग 4 बजे बस स्टैंड से उनकी अंतिम यात्रा पूरे सम्मान और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ श्मशान घाट के लिए निकाली गई। लगातार हो रही बारिश के बीच तिरपाल की व्यवस्था कर धार्मिक विधि-विधान के अनुसार सभी संस्कार संपन्न कराए गए। बाद में पहुंचे उनके कुछ रिश्तेदार भी अंत्येष्टि में शामिल हुए और अंतिम विदाई दी।

नगरवासियों की इस संवेदनशील पहल ने यह साबित कर दिया कि रिश्तों की असली पहचान केवल खून के संबंधों से नहीं, बल्कि मानवता, अपनत्व और सामाजिक जिम्मेदारी से होती है। अंतिम यात्रा में शामिल लोगों की नम आंखें और कचरु चाचा के प्रति उमड़ा सम्मान हर किसी को भावुक कर गया। जब अपनों का साथ छूट जाए, तब समाज यदि परिवार बनकर खड़ा हो जाए, वही सच्ची इंसानियत है। छपारा ने इस घटना के माध्यम से पूरे समाज के सामने मानवता, सामाजिक एकता और संवेदनशीलता की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की है।

जागरूकता | पुलिस अधीक्षक ने विजेताओं को किया सम्मानित, हजारों छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों ने ली नशामुक्ति की शपथ

चित्रकला-रंगोली प्रतियोगिता, जिलेभर में चला नशामुक्ति अभियान

सिवनी नवभारत। मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 महाअभियान के अंतर्गत बुधवार को जिलेभर में स्कूलों, कॉलेजों, गांवों, बाजारों, बस स्टैंड, फैक्ट्रियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में पुलिस कंट्रोल रूम सिवनी में छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला -रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जबकि जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में नशे के दुष्प्रभावों से लोगों को अवगत कराते हुए नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रतियोगिता में महात्मा गांधी स्कूल, मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल एवं महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के छात्र-

छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने नशा मुक्त समाज, सुरक्षित सिवनी एवं देशभक्ति विषयों पर आकर्षक चित्र एवं रंगोलियां बनाईं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान सभी छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। जिलेभर में चलाए गए जनजागरूकता अभियान के तहत थाना कोतवाली द्वारा मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल सिवनी में लगभग 500 विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर शपथ दिलाई गई। महिला थाना द्वारा श्रीराम हायर सेकेंडरी स्कूल, थाना अरी द्वारा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टिकारी, थाना बरघाट द्वारा बोरी विद्यालय कला, थाना छपारा द्वारा गोरखपुर हाई स्कूल एवं सांदीपनि विद्यालय, थाना लखनवाड़ा द्वारा पिपरवानी एवं पिंडरई विद्यालय, थाना बंडोल द्वारा शासकीय हाई स्कूल बलारपुर, थाना अजाक द्वारा कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय छपारा तथा विकासखंड धनोरा के ग्राम सालीवाड़ा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक चंचलेश मरकाम, कंट्रोल रूम प्रभारी निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे, महिला थाना प्रभारी संदीपिका ठाकुर, रक्षित निरीक्षक स्नेहा घोरमारे, साइबर सेल प्रभारी देवेंद्र जायसवाल, सीमा चौहान सहित अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

चौक-चौराहों में चलाया पोस्टर व हस्ताक्षर अभियान

इसके अलावा चौकी भीमगढ़ के ग्राम सुकरी, थाना कान्हीवाड़ा के भोमा बाजार, कस्बा बंडोल, आदेगांव बस स्टैंड, जनता नगर एवं डोरली छत्तरपुर, सनाई डोंगरी के साप्ताहिक बाजार, ग्राम केदारपुर सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर, पंपलेट, हस्ताक्षर अभियान एवं जनसंवाद के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। थाना लखनवाड़ा द्वारा गोपालगंज स्थित वैद्यनाथ फैक्ट्री के कर्मचारियों तथा शासकीय महाविद्यालय लखनादौन में भी विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। थाना केवलारी ने नर्मदा प्लेस में आयोजित बाढ़ आपदा प्रबंधन शिविर में उपस्थित लोगों को भी नशामुक्ति का संदेश दिया।

वेतन भुगतान में अनियमितता का विरोध , आशा एवं पर्यवेक्षकों ने किया प्रदर्शन

सिवनी नवभारत। . आशा एवं पर्यवेक्षकों के वेतन भुगतान में तीन -चार माहीने का विलम्ब, आशाओं के वेतन (प्रोत्साहन राशि) में गम्भीर अनिमियता और अनुचित कटौती के विरोध में, मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 1000 रुपये की वार्षिक वेतन वृद्धि का एरियर सहित भुगतान आदि 18 सूत्रीय मांगों को लेकर विधानसभा के मानसून सत्र के पहला दिन 20 जुलाई को आशा ऊषा आशा पर्यवेक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर बडी संख्या में आशा एवं पर्यवेक्षकों ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्य प्रदेश के मुख्यालयों पर विशाल प्रदर्शन करते हुये समस्यओं का निराकरण की मांग की। प्रदर्शन में संयुक्त मोर्चा से जुडी आशा ऊषा आशा पर्यवेक्षक एकता यूनियन मध्य प्रदेश (सीटू) एवं म.प्र. आशा आशा सहयोगिनी श्रमिक संघ की प्रदेश की 32 जिलों से 4000 के लगभग आशा एवं पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान आशा ऊषा आशा पर्यवेक्षकों ने

अपनी मांगों को लेकर एनएचएम कार्यालय के मुख्य द्वार पर जबर्दस्त प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को आशा ऊषा आशा पर्यवेक्षक एकता यूनियन मध्य प्रदेश (सीटू) की ओर से प्रदेश अध्यक्ष कविता सोलंकी, पूजा कनौजिया, ए टी पदमनाभन, आशा सहयोगिनी श्रमिक संघ की प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी कौरव, पुष्पा निमोले आदि ने मुख्य रूप से सम्बोधित किया। प्रदर्शन का नेतृत्व किरण डेहरिया, प्रीती विश्वकर्मा, निर्मला सिंह आदि ने की। इस दौरान संयुक्त मोर्चा के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का एनएचएम मध्य प्रदेश के कार्यालय में अतिरिक्त संचालक महोदया के साथ ज्ञापन के सम्बन्ध में बिन्दुवार चर्चा की जिसमें उन्होंने समय पर वेतन भुगतान एवं वेतन भुगतान की विसंगतियों को दूर करने हेतु ठोस कदम उठाने, 1000 रुपये का वार्षिक वृद्धि के सम्बन्ध में कदम उठाने, सहित अन्य मांगो को लेकर आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में संयुक्त मोर्चा की 10 प्रतिनिधियों में सीटू यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कविता सोलंकी, महासचिव पूजा कनौजिया, निर्मला सिंह, किरण डेहरिया एवं एटी पद्मनाभन एवं श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया.